<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**09** मार्च 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र–एनसीआर को जोड़ने वाले नये मेट्रो सेक्शन का किया शुभारम्भ। कहा–अब गाजियाबाद और नोएडा सहित एनसीआर के शहरों से दिल्ली आना–जाना और भी हो जाएगा आसान।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पिंक रोजगार महाकुंभ की शुरुआत की। कहा– आधी आबादी की सुरक्षा, गरिमा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार।
- आज से शुरू हो रहा है संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर भी होगी चर्चा।
- भारत ने न्यूजीलैंड को छानवे रनों से हरा कर जीता आईसीसी पुरुष टी–20 विश्वकप का फाइनल मुकाबला।

**अब समाचार विस्तार से।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर से जुड़े नये मेट्रो सेक्शन सहित नई दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत तथा विस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने नए मेट्रो खंड के लाभों का भी उल्लेख किया।

***जो मेट्रो का नया सेक्शन शुरू हुआ है उसे राजधानी के लाखों लोगों को बहुत बड़ी सुविधा मिलने वाली है, खास तौर पर पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोगों के लिए अब रोज का सफर पहले से कहीं ज्यादा आसान होगा। इन सब के साथ ही गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के शहरों से दिल्ली के अलग–अलग हिस्सों में आना–जाना और भी आसान हो जाएगा।***

इस अवसर पर आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने मेट्रो और नमो भारत आरआरटीएस नेटवर्क के विस्तार पर खुशी व्यक्त की।

***देशभर में 1100 किलोमीटर से ज्यादा बड़ा नेटवर्क मेट्रो और आरआरटीएस का बन गया है और हमारे लिए खुशी की बात है कि दुनिया में कंपीट कर रहे हैं यूएसए, अमेरिका और चाईना के बाद तीसरे स्थान पर हम मेट्रो के सिलसिले में पहुंचे हैं यह बहुत बड़ी उपलब्धि हमारी है प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में पिंक रोजगार महाकुंभ–2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, गरिमा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका की सराहना की और कहा कि मिशन शक्ति का अगला चरण नवरात्रि से शुरू होगा।

***हर प्रदेशवासी की जिम्मेदारी बनती है और बेटी की सुरक्षा के लिए, नारी की गरिमा और उनके सम्मान की रक्षा करने के लिए, उनके स्वावलंबन के लिए उठाए जाने वाले सरकार के विभिन्न विभागों के द्वारा चाहे वह केंद्र सरकार हो, राज्य सरकार हो इन सभी सरकारों के द्वारा उठाए जाने वाले इन कदमों का लाभ उन तक अगर पहुंचाने में अपना योगदान देंगे तो यह विकसित भारत की एक महत्वपूर्ण आधारशिला बनेगी और यह तभी होगा जब आधी आबादी इस दिशा में मजबूती के साथ जुड़ेगी तो उसके परिणाम भी हम सबके सामने आएंगे।***

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल प्रदेश भर में विविध आयोजन किये गये। इसी कड़ी में लखनऊ के जन भवन में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की एमबीबीएस और बीडीएस की 120 छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निःशुल्क एचपीवी टीके की पहली डोज लगाई गई। आयोजन में पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने लोगों को एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल कौशांबी के सयारा में दो दिवसीय सरस महोत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को करोड़ों रूपये की सहायता राशि वितरित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश की महिलायें सरकारी योजनाओं से सशक्त हो रही हैं। महिला शक्ति के उत्थान में उत्तर प्रदेश, देश में मिसाल बन गया है।

**********

पश्चिम एशिया संघर्ष के चलते उड़ानों की बढ़ती मांग के बीच एयर इंडिया ने कल से 18 मार्च के दौरान नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने का निर्णय लिया है। एयरलाइन ने बताया कि ये अतिरिक्त उड़ानें दिल्ली से न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, पेरिस, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, कोलंबो, माले और मुंबई से लंदन के लिए संचालित होंगी। इन उड़ानों से 17 हजार छह सौ 60 सीटें अतिरिक्त जुड़ जाएंगी।

**********

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र दो अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर भी आज चर्चा निर्धारित है।

***बजट सत्र के पहले चरण के दौरान विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष को हटाने संबंधी नोटिस लोकसभा महासचिव को दिया था। नोटिस में विपक्ष ने श्री बिरला पर सदन में भेदभाव करने का आरोप लगाया था। इस नोटिस पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वामदलों और अन्य दलों के कुल 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं जबकि तृणमूल कांग्रेस इसमें शामिल नहीं है। भाजपा और कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है जिसमें उन्हें मंगलवार तक सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी को शुरू हुआ था और 13 फरवरी तक चला। इस दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और वर्ष 2026–27 के केंद्रीय बजट पर चर्चा हुई। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उन्नीस मार्च के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राष्ट्रपति द्वारा अपने दौरे में मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा। श्री मिश्रा ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य लगभग पांच वर्षों में पूरा हुआ है।

***पांच वर्ष का यह सफल अवधि थी जिसमें एलएनटी जीसी ने प्रमुख भूमिका निभाई है और इसी उद्देश्य 19 मार्च को जितने श्रमिक से लेकर के ऊपर तक जुड़े व्यक्ति हैं उनको आमंत्रित किया गया है और राष्ट्रपति महोदया के समक्ष वह उपस्थित होंगे और उनका सम्मान किया जाएगा। तो अब हम लोग मुख्य कार्य जिसकी ओर ध्यान देना है वह आडीटोरियम है, विश्राम गृह है, ट्रस्ट कार्यालय है और अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय इसकी अब मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा जो कि राजकीय निर्माण निगम की जिम्मेदारी में है।***

**********

आईसीसी पुरूष टी–20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हरा दिया। इस तरह भारत लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन बन गया है। एक रिपोर्ट

***अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कल खेले गए फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवरों में 256 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। बल्लेबाजी में संजू सैमसन ने सर्वाधिक नवासी रनों की धुआंधार पारी खेली, अभिषेक शर्मा ने 52 और इशांत किशन ने 54 रनों का योगदान किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की पूरी टीम 19 ओवरों में 159 रनों पर ही ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी में सीफर्ट ने सर्वाधिक 52 और कप्तान सैंटनर ने 43 रनों का योगदान किया। फाइनल मैच में पंद्रह रन देकर चार विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मैन ऑफ द मैच और संजू सैमसन को सर्वाधिक 321 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार प्रदान किया गया। भारतीय टीम के विश्व विजेता बनने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश अन्य गणमान्य लोगों ने टीम को बधाई दी है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह***

**********

मौसम विभाग ने आज से पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में धीरे धीरे दो डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। विभाग ने प्रदेश के न्यूनतम तापमान में फिलहाल किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया है।

**********